# CIMP steps on the gas, overtakes several IIMs in NIRF Ranking

**OUR CORRESPONDENT**



**PATNA:** Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP), a dream project of Chief Minister of Bihar Nitish Kumar, has once again proved its mettle by overtaking even several IIMs in the latest NIRF (National Institutional Ranking Framework) Rankings. NIRF under the Ministry of Education, Government of India; in its ranking released last afternoon by Union Education Minister Dharmendra Pradhan. CIMP at AIR-78 ranks amongst the Top 100 B-Schools of India. CIMP is the only B-school in Bihar and the entire North-Eastern India to figure out amongst the Top-100 and ranked above several IIMs and other reputed B-schools of the country.

An exuberant CIMP Director Dr. V. Mukunda Das, in a hurriedly convened press conference, expressed his heart-felt thanks to the Bihar Chief Minister and the Chairman of the Board of Governors of the institute for his continuous support due to which it has been possible to

Morning India ! Page.NO-03 1 Dated:11-09-2021

# सीआइएमपी रैंक पाने वाला राज्य का पहला प्रबंधन संस्थान

एनआइआरएफ

संवाददाता ▷ पटना

नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ)-2021 की ताजा रैंकिंग में आइआइटी पटना और एनआइटी पटना के अलावा राज्य के चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) ने भी अपनी जगह बनायी है. यह राज्य का पहला प्रबंधन संस्थान है, जिसे एनआइआरएफ में जगह मिली है. सीआइएमपी को मैनेजमेंट इंस्टीट्यूशन में देश में 78वां स्थान प्राप्त हुआ है. यह दो आइआइएम से भी आगे हैं.

सीआइएमपी के निदेशक डॉ वी मुकुंद दास ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी. इस उपलब्धि पर उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री और संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष नीतीश कुमार को निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कारण ही संस्थान को इस स्तर तक ले जाना संभव हुआ है. इस रैंकिंग ने हम पर न केवल इस स्तर को बनाये रखने, बल्कि बाद के • बाकी पेज 17 पर



- देश के टॉप 100 मैनेजमेंट संस्थानों में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान को मिला 78वां स्थान
- दो आइआइएम से भी आगे है सीआइएमपी
- निदेशक डॉ वी मुकुंद दास ने सीएम नीतीश कुमार को दिया धन्यवाद

Prabhat Khabar ! Page.No-01 !
Dated:11-09-2021

# एनआईआरएफ रैंकिंग में सीआईएमपी को 78वां स्थान



पटना/कार्यालय संवाददाता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना ने एक बार फिर अपनी महत्ता साबित करते हुए एनआईआरएफ की ताजा रैंकिंग में कई भारतीय प्रबंधन संस्थानों से भी आगे का स्थान प्राप्त किया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत एनआईआरएफ ने बुधवार के अपराह्न में वर्ष 2021 की आंकड़े केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल रूप से जारी किया। इस आंकड़े में सीआइएमपी देश के शीर्ष 100 बी-स्कूल की सूची में 78वां स्थान रखता है। पूरे बिहार एवं पूरे पूर्वोत्तर भारत का सीआईएमपी एक मात्र प्रबंधन शिक्षण संस्थान है जो कि एनआईआरएफ की शीर्ष 100 की सूची में स्थान रखता है। इस संबंध में सीआईएमपी के निदेशक डॉ. वी. मुकुंद दास ने इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री और संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष को उनके निरंतर समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि जिसके कारण संस्थान को इस स्तर तक ले जाना संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इस रैंकिंग ने हम पर न केवल इस स्तर को बनाए रखने, बल्कि बाद के वर्षों की रैंकिंग में धीरे-धीरे आगे बढ़ने की एक बड़ी जिम्मेदारी भी डाल दी है।उन्होंने बताया कि नेशनल इंस्टीच्युसनल रैंकिंग फ्रेमवर्क भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एकमात्र रैंकिंग है जो देश भर के संस्थानों को रैंक करने के लिए एक पद्धति की रूपरेखा तैयार करता है। विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों की रैंकिंग के लिए व्यापक मापदंडों की पहचान करने के लिए पूर्ववर्ती एमएचआरडी द्वारा गठित एक कोर कमेटी द्वारा बनाई गई समग्र सिफारिशों और व्यापक समझ से रैंकिंग पद्धति प्राप्त होती है। मापदंडों में मोटे तौर पर टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिसेज, ग्रेजुएशन आउटकम्स, आउटरीच एंड इन्क्लूसिविटी,और "परसेप्शन शामिल होते हैं। टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज ' पैरामीटर में डॉक्टरेट छात्रों सहित छात्रों की ताकत, स्थायी संकाय पर जोर देने के साथ संकाय-छात्र अनुपात, संकाय योग्यता और अनुभव के लिए संयुक्त मीट्रिक, और वित्तीय संसाधन और उनका उपयोग शामिल है।

Sanmarg ! Page.No-03 ! Dated:11-09-2021

# सीआईएमपी एनआईआरएफ रैंकिंग में कई आईआईएम से आगे

**पटना।** चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना ने एक बार फिर अपनी महत्ता साबित करते हुए एनआईआरफ की ताजा रैंकिंग में कई भारतीय प्रबंधन संस्थानों से भी आगे का स्थान प्राप्त किया है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत नेशनल इंस्टीटूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क कल अपराह्न में वर्ष 2021 की आंकड़े केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा वर्चुअल रूप से जारी किये गए। सीआईएमपी देश के शीर्ष 100 बी-स्कूल की सूची में 78वां स्थान रखता है। पूरे बिहार एवम् पूरे पूर्वोत्तर भारत का सीआईएमपी एक मात्र प्रबंधन शिक्षण संस्थान है जो कि वर्चुअल की शीर्ष 100 की सूची में स्थान रखता है। सीआईएमपी के उत्साही निदेशक डॉ. वी. मुकुंद दास ने एक त्वरित प्रेस कांफ्रेंस में बिहार के मुख्यमंत्री और संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष को उनके निरंतर समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद व्यक्त किया, जिसके कारण संस्थान को इस स्तर तक ले जाना संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इस रैंकिंग ने हम पर न केवल इस स्तर को बनाए रखने, बल्कि बाद के वर्षों की रैंकिंग में धीरे-धीरे आगे बढ़ने की एक बड़ी जिम्मेदारी भी डाल दी है। नेशनल इंस्टीटूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरफ) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एकमात्र रैंकिंग है जो देश भर के संस्थानों को रैंक करने के लिए एक पद्धति की रूपरेखा तैयार करता है। विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों की रैंकिंग के लिए व्यापक मापदंडों की पहचान करने के लिए पूर्ववर्ती एमएचआरडी द्वारा गठित एक कोर



कमेटी द्वारा बनाई गई समग्र सिफारिशों और व्यापक समझ से रैंकिंग पद्धति प्राप्त होती है। मापदंडों में मोटे तौर पर टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज, रिसर्च एंड प्रोफ़ेशनल प्रैक्टिसेज, ग्रेजुएशन आउटकम्स, आउटरीच एंड इन्क्लूसिविटी, और परसेप्शन शामिल हैं। टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज पैरामीटर में डॉक्टरेट छात्रों सहित छात्रों की ताकत, स्थायी संकाय पर जोर देने के साथ संकाय-छात्र अनुपात, संकाय योग्यता और अनुभव के लिए संयुक्त मीट्रिक, और वित्तीय संसाधन और उनका उपयोग शामिल है।


## आवश्यकता

एतद् विषयक सूचित करना है कि अवध बिहारी सं. उ.वि. रहीमपुर खगड़िया में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत वेतनमान पर दो आचार्य स. शि., दो स्नातक स. शि. कला, विज्ञान, कम्प्यूटर, विज्ञान या समकक्ष योग्यताधारी न्यूनतम द्वितीय श्रेणी की आवश्यकता है। विज्ञापन प्रकाशन के एक पक्ष के अन्दर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। योग्य, अनुभवी महिला एवं आरक्षित उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी। विज्ञापन प्रकाशन के दूसरे पक्ष में अन्तर्वीक्षा विद्यालय प्रांगण में ली जायेगी। यात्रा भत्ता अदेय।

**सचिव**
**अवध बिहारी सं.उ.वि.**
**रहीमपुर, खगड़िया**


AAJ ! Page.No-11 ! Dated:11-09-2021

# सीआईएमपी को रैंकिंग में 78 वां स्थान

## एनआईआरएफ

- चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना राज्य का एकलौता संस्थान जिसे मिली है पहली बार रैंकिंग
- पहले प्रयास में ही सीआईएमपी टॉप सौ संस्थानों में हुआ शामिल आईएमए को पीछे छोड़ा



सीआईएमपी की रैंकिंग की जानकारी देते निदेशक वी मुकुंद दास व अन्य।

पटना | मुख्य संवाददाता

चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआईएमपी) ने नेशनल नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग में 78वां स्थान प्राप्त किया है। सीआईएमपी को यह स्थान प्रबंधन श्रेणी में प्राप्त हुआ है। संस्थान ने पहली बार रैंकिंग प्रक्रिया में हिस्सा लिया और आईएमएम बोधगया, आईआईएम जम्मू, आईआईएम सिरमौर जैसे बड़े संस्थानों को पीछे छोड़कर 78वें स्थान पर काबिज हुआ है। साथ ही सीआईएमपी पूर्वोत्तर भारत का एकमात्र प्रबंधन शिक्षण संस्थान है जो कि एनआईआरएफ की शीर्ष 100 की सूची में स्थान रखता है। सीआईएमपी राज्य का पहला और इकलौता संस्थान है जो एनआईआरएफ रैंकिंग में जगह बनाई है।


संस्थान की ओर से शुक्रवार को प्रेस कॉफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी गई। सीआईएमपी निदेशक वी. मुकुंद दास ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री एवं संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष नीतीश कुमार के निरंतर समर्थन से संस्थान को इस स्तर तक ले जाना संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सफ़लता ने बड़ी जिम्मेदारी दी है कि न केवल इस रैंकिंग को भविष्य में बरकरार रखना है बल्कि रैंकिंग में आगे बढ़ने की दिशा में प्रयत्न भी करना है। उन्होंने बताया कि सीआईएमपी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है और संस्थान ने अपने स्थापना काल से अबतक कई सफलताएं अर्जित की हैं। डॉक्टर दास ने कहा कि संस्थान ने रैंकिंग के लिए तय विभिन्न मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन किया है। इन मापदंडों में टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्सेज, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिसेज, ग्रेड्यूएशन आउटकम्स, आउटरीच एंड इंक्लूसिविटी और परसेप्शन शामिल है।

गौरतलब है कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क ने शुक्रवार को देश भर के विवि और संस्थानों की रैंकिंग जारी की थी। बिहार से इस रैंकिंग में आईआईटी पटना और एनआईटी ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। ओवरऑल कैटोगरी में आईआईटी पटना को 51वां स्थान प्राप्त किया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की रैंक में आईआईटी पटना ने 21वां स्थान प्राप्त किया है। जबकि इसी श्रेणी में एनआईटी पटना को 72वां स्थान मिला है।

Hindustan (Hindi) ! Page.No-08 ! Dated:11-09-2021

## एनआईआरएफ रैंकिंग में सीआईएमपी कई आईआईएम से आगे

# रैंकिंग बढ़ने से बढ़ी जिम्मेदारी



संवाददाताओं को जानकारी देते सीआईएमपी निदेशक डॉ. मुकुंद दास।

**पटना (एसएनबी)**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना ने एक बार फिर अपनी महत्ता साबित करते हुए एनआईआरएफ की ताजा रैंकिंग में कई भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) से भी बेहतर स्थान प्राप्त किया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) वर्ष 2021 का आंकड़ा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा वर्चुअल रूप से जारी किया गया। सीआईएमपी देश के शीर्ष सौ बी-स्कूल की सूची में 78वां स्थान रखता है। पूरे बिहार एवं पूरे पूर्वोत्तर भारत का सीआईएमपी एक मात्र प्रबंधन शिक्षण संस्थान है जो कि एनआईआरएफ की शीर्ष 100 की सूची में स्थान रखता है।

सीआईएमपी के निदेशक डॉ. वी. मुकुंद दास ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री और संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष के कारण संस्थान को इस स्तर तक ले जाना संभव हुआ है। इस रैंकिंग ने हम पर न केवल इस स्तर को बनाए रखने बल्कि बाद के वर्षो की रैंकिंग में धीरे-धीरे आगे बढ़ने की एक बड़ी जिम्मेदारी भी डाल दी है। एनआईआरएफ भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एक मात्र रैंकिंग है जो देशभर के संस्थानों को रैंक करने के लिए एक पद्धति की रूप रेखा तैयार करता है। विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों की रैंकिंग के लिए व्यापक मापदंडों की पहचान करने के लिए पूर्ववर्ती एमएचआरडी द्वारा गठित एक कोर कमेटी द्वारा बनाई गई समग्र सिफारिशों और व्यापक समझ से रैंकिंग पद्धति प्राप्त होती है। मापदंडों में मोटे तौर पर टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिसेज, ग्रेजुएशन आउटकम्स, आउटरीच एंड इन्क्लूसिविटी और परसेप्शन शामिल हैं। टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज पैरामीटर में डॉक्टरेट छात्रों सहित छात्रों की ताकत, स्थायी संकाय पर जोर देने के साथ संकाय-छात्र अनुपात, संकाय योग्यता और अनुभव के लिए संयुक्त मीट्रिक और वित्तीय संसाधन और उनका उपयोग शामिल है। ग्रेजुएशन आउटकम्स पैरामीटर में प्लेसमेंट और उच्च अध्ययन, परीक्षाओं और औसत वेतन के लिए संयुक्त मीट्रिक शामिल हैं। आउटरीच एंड इनक्लूसिविटीश पैरामीटर में क्षेत्रीय विविधता, लैंगिक विविधता, आर्थिक और सामाजिक विविधता और दिव्यांग छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाएं शामिल हैं। परसेप्शन पैरामीटर संस्थान के बारे में नियोक्ताओं और अकादमिक सहकर्मी की धारणा सहित सहकर्मी धारणा को शामिल करता है।

Rashtriya Sahara ! Page.No-04
Dated:11-09-2021

# चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान की एनआईआरएफ रैंकिंग सुधरी, अब 78वें स्थान पर पहुंचा

**पटना** | चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान पटना ने एनआईआरएफ की ताजा रैंकिंग में देश के शीर्ष 100 बी-स्कूल की सूची में 78वां स्थान प्राप्त किया है। पूरे बिहार और पूरे पूर्वोत्तर भारत का सीआईएमपी एकमात्र प्रबंधन शिक्षण संस्थान है जिसे एनआईआरएफ की शीर्ष 100 की सूची में स्थान मिला है। सीआईएमपी के निदेशक डॉ वी मुकुंद दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष को उनके निरंतर समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद व्यक्त किया।

Dainik Bhaskar ! Page.No-09
Dated:11-09-2021